समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# WTC Final 2025: लॉर्ड्स मे पंहली बार इतिहास रचने उतरेगी ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीमे।

Publisher

Published on 11 Jun 2025




## वर्ल्ड टेस्ट चैपिंयनशिप 2025 का फाइनल आज से, जीत चाहे किसी की हो—लॉर्ड्स मे इंतिहास बनना तय।

**लंदन :** क्रिकेट प्रेमियों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। **वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025** का फाइनल मुकाबला आज यानी **11 जून से क्रिकेट** के मक्का माने जाने वाले लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबले में आमने-सामने होंगी दो शक्तिशाली टीमें—**ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका**। इस मुकाबले की सबसे खास बात यह है कि कोई भी टीम जीते, **लॉर्ड्स के मैदान** पर नया इतिहास रचने वाला है।

**ऑस्ट्रेलिया : दोहरी चैंपियन बनने की ओर**

पैट कमिंस की कप्तानी में उतरी **ऑस्ट्रेलियाई टीम मौजूदा डब्ल्यूटीसी चैंपियन** है और अगर वह इस बार भी खिताब जीत लेती है, तो वह लगातार दूसरी बार फाइनल जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी। टीम में अनुभवी गेंदबाजों का गजब का संतुलन है—**नाथन लियोन (553 विकेट), मिचेल स्टार्क (382), पैट कमिंस (294),** और **जोश हेज़लवुड (279)**—जो किसी भी परिस्थिति में मैच का रुख बदलने में सक्षम हैं।

**साउथ अफ्रीका : पहली बार खिताब की दहलीज पर**

प्रोटियाज टीम पहली बार **डब्ल्यूटीसी के फाइनल** में पहुंची है और उसकी नजरें अपनी पहली **ICC ट्रॉफी** पर टिकी हैं। **कप्तान टेम्बा बावुमा** के नेतृत्व में टीम ने लगातार सात टेस्ट मैच जीतकर यहां तक का सफर तय किया है। टीम में **कैगिसो रबाडा, मार्को**

**जानसन** और **केशव महाराज** जैसे घातक गेंदबाज हैं, जो ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने का दम रखते हैं।

**कौन मारेगा बाजी ? जानिए संभावनाएं**

ऑस्ट्रेलिया की ताकत उसका अनुभव है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों की **फॉर्म** और **फिटनेस** चिंता का विषय है, जैसे कि **एलेक्स कैरी, स्कॉट बोलैंड और ख्वाजा**। वहीं साउथ अफ्रीका की टीम नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर है।

**स्टीव स्मिथ,** जिनका लॉड्र्स में टेस्ट **औसत 58** के करीब है और जिन्होंने हाल ही में 10,000 रन पूरे किए हैं, इस मैच के "**X फैक्टर**" साबित हो सकते हैं।

दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन:

**ऑस्ट्रेलिया :**

उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (WK), पैट कमिंस (C), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेज़लवुड

**साउथ अफ्रीका :**

टेम्बा बावुमा (C), एडेन मार्कराम, रयान रिकेलटन, वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन, मार्को जानसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी

**क्या कहता है रिकॉर्ड और फॉर्मेट ?**

लॉड्र्स में टेस्ट खेलने का अनुभव ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला सकता है, लेकिन साउथ अफ्रीका की गेंदबाजी इकाई किसी भी बल्लेबाजी क्रम को झकझोर सकती है। WTC के फॉर्मेट में एक ही टेस्ट फाइनल होता है, इसलिए हर सत्र निर्णायक होगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.